# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 130 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 29 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## मोदी कैबिनेट की बड़ी सौगात: 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

### 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ, सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई होंगी आयोग की अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली ।

केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए राहत भरी खबर आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लंबे समय से प्रतीक्षित 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय से देशभर के लगभग 50 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 69 लाख पेंशनभोगी, जिनमें रक्षा सेवाओं के कर्मी भी शामिल हैं, लाभान्वित होंगे।

सरकार ने न केवल आयोग के गठन को स्वीकृति दी है, बल्कि इसके टर्म्स ऑफ़ रिफरेन्स (टोर) यानी कार्यक्षेत्र, नियम, अध्यक्ष और सदस्यों के नामों को भी मंजूरी प्रदान की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू होने की



उम्मीद है। हर दस साल में वेतन संरचना की समीक्षा करने की यह परंपरा केंद्र सरकार द्वारा निरंतर जारी रखी गई है।

नए वेतन आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। उनके साथ आईआईएम बैंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव पंकज जैन को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। आयोग को एक अस्थायी निकाय के रूप में गठित किया गया है, जो स्थापना की तारीख से 18 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। आवश्यकता पड़ने पर आयोग अपनी अंतरिम रिपोर्ट (इंटरिम रिपोर्ट) भी प्रस्तुत कर सकेगा, ताकि वेतन या पेंशन से जुड़ी प्राथमिक सिफारिशों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।


केंद्रीय वेतन आयोग का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और पेंशन ढांचे की समीक्षा करना है। हर कुछ सालों में गठित यह आयोग देश की आर्थिक स्थिति, जीवन-यापन की लागत और बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए वेतन संरचना में सुधार की सिफारिश करता है।

पिछला यानी 7वां वेतन आयोग वर्ष 2016 में लागू हुआ था, जिसने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में बड़ा बदलाव किया था। अब 8वें वेतन आयोग की मंजूरी के साथ कर्मचारियों में एक नई उम्मीद जगी है। यह फैसला न केवल सरकारी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि बाजार में उपभोग और मांग को भी बढ़ावा देने वाला कदम माना जा रहा है।

सरकार के इस निर्णय ने न केवल केंद्र कर्मचारियों को राहत दी है, बल्कि राज्य सरकारों के कर्मचारियों में भी उम्मीद जगा दी है कि वेतन पुनरीक्षण का सिलसिला आगे राज्यों में भी जारी रहेगा। आने वाले महीनों में आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करने में जुटेगा और संभवतः 2026 की शुरुआत में इसका असर देश के करोड़ों परिवारों की आमदनी पर दिखाई देगा।

## अंता उपचुनाव में केजरीवाल की एंट्री से बदला समीकरण

### कांग्रेस से बागी नरेश मीणा को आप का समर्थन, त्रिकोणीय मुकाबले में बढ़ी सरगर्मी





भीलवाड़ा फोकस @ बारां

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले 11 नवंबर के उपचुनाव ने अब राष्ट्रीय रंग ले लिया है। कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय उम्मीदवार बने नरेश मीणा को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का खुला समर्थन मिल गया है।

इस समर्थन के बाद अंता का यह स्थानीय उपचुनाव अब राज्य की सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय सुर्खियों में पहुंच गया है।

### केजरीवाल के ट्वीट से सक्रिय हुई आप मशीनरी

नरेश मीणा ने मंगलवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अरविंद केजरीवाल से समर्थन की अपील की थी। कुछ घंटों बाद ही केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, नरेश जी, आम आदमी पार्टी पूरी तरह आपके साथ है। इसके बाद मीणा ने उनका आभार जताया।

इस ट्वीट के साथ ही राजस्थान में आप कार्यकर्ता मैदान में उतर आए। सोशल मीडिया पर आप स्टैंड विथ नरेश मीणा ट्रेंड करने लगा। आप की राज्य इकाई ने अंता में प्रचार अभियान शुरू कर दिया है और सोशल मीडिया से लेकर ग्राउंड तक नरेश मीणा के समर्थन में प्रचार तेज कर दिया गया है।

### तीन दावेदारों में कांटे की टक्कर

अंता उपचुनाव में कुल 15 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन मुकाबला तीन चेहरों पर सिमट गया है। कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता और हाड़ौती क्षेत्र के कद्दावर चेहरा प्रमोद जैन भाया को उतारा है, जबकि भाजपा ने संगठन पर भरोसा जताते हुए मोरपाल सुमन को मैदान में भेजा है।

तीसरा और सबसे चर्चित नाम निर्दलीय नरेश मीणा का है, जो युवा और स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली माने जाते हैं। मीणा और धाकड़ समुदाय पर उनकी मजबूत पकड़ है, और अब आप के समर्थन से उन्हें शहरी और युवा वोट बैंक का भी सहारा मिल सकता है।

### कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध की आशंका

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि नरेश मीणा का मैदान में उतरना कांग्रेस के लिए सिरदर्द साबित हो सकता है। चूंकि वे कांग्रेस से बागी हैं, इसलिए उनका प्रभाव कांग्रेस के पारंपरिक वोटरों पर सीधे पड़ेगा।

आप का साथ मिलने से उनका बदलाव और ईमानदारी वाला नैरेटिव कांग्रेस की एंटी-इनकंबेंसी लहर को और हवा दे सकता है। इससे वोटों का बंटवारा होने की संभावना बढ़ गई है, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिल सकता है।

### भाजपा का माइक्रो मैनेजमेंट मॉडल

भाजपा ने इस उपचुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दावा किया कि भाजपा ने बूथ स्तर तक की रणनीति तैयार कर ली है।

पूर्व विधायक रामपाल मेघवाल सहित पांच बागी प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लेकर मोरपाल सुमन को समर्थन दिया है। पार्टी के केंद्रीय नेता लगातार रैलियां और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

### 11 नवंबर को मतदान, 14 को नतीजे

अंता विधानसभा सीट पर मतदान 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। पिछली बार यह सीट भाजपा के कब्जे में थी, लेकिन इस बार आप की अप्रत्याशित एंट्री ने मुकाबले को त्रिकोणीय और बेहद दिलचस्प बना दिया है।

## राजस्थान में वोटर लिस्ट का मेगा अपडेट शुरू, 70% मतदाताओं को नहीं देने होंगे दस्तावेज, बाकी की होगी डोर-टू-डोर जांच

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी बोले अब कोई फर्जी या डबल वोटर नहीं बचेगा, SIR में राजस्थान देश में नंबर-वन

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन- स्ढ्ढक्र) की प्रक्रिया इस बार पूरी तरह हाईटेक और पारदर्शी होने जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य के 70.55 प्रतिशत वोटर्स को अब किसी भी प्रकार का दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राज्य ने पहले ही सभी वोटर्स की डिजिटल मैपिंग कर ली है द्य जिससे लाखों लोगों की पहचान पुराने रिकॉर्ड से स्वतः वेरिफाई हो गई।

महाजन ने कहा, हमने बिहार की प्रक्रिया से सीख लेकर पहले ही तैयारी कर ली थी। इस वजह से राजस्थान स्ढ्ढक्र वाले सभी 12 राज्यों में सबसे आगे है। अब मतदाताओं को बार-बार दस्तावेज देने की झंझट से राहत मिलेगी।

### डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन की तैयारी, तीन बार दस्तक देगा बीएलओ

SIR के तहत हर वोटर तक पहुंचने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अब घर-घर दस्तक देंगे।

महाजन के मुताबिक एक भी पात्र मतदाता छूटे नहीं, इसके लिए हर घर पर तीन बार जाया जाएगा। अगर कोई परिवार बाहर गया है या अनुपस्थित है, तो बीएलओ वहां नोटिस चस्पा कर फॉर्म डालकर आएगा।

राज्य में 27 अक्टूबर तक 5 करोड़ 48 लाख से अधिक वोटर्स दर्ज हैं। इनमें से 40 वर्ष से अधिक आयु वाले 79% वोटर्स का डेटा पहले ही फीड हो चुका है, जबकि युवा वोटर्स की वेरिफिकेशन प्रक्रिया जारी है।

### अब नहीं बचेगा कोई डबल नाम या मृत मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार सिस्टम पूरी तरह डिजिटल है , जिससे डुप्लीकेट या मृत मतदाताओं के नाम खुद-ब-खुद पकड़ में आ जाएंगे।

महाजन ने कहा, वोटर लिस्ट में जानबूझकर दो जगह नाम रखने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। ऐसा करने पर एक साल की सजा



का प्रावधान है।

ड्राफ्ट मतदाता सूची 9 दिसंबर को जारी की जाएगी, जिसमें गलत, डुप्लीकेट या बाहर बस चुके लोगों के नाम हटाए जाएंगे। हटाए गए नाम सार्वजनिक पोर्टल पर भी देखे जा सकेंगे।

### देशभर में राजस्थान नंबर-वन गुजरात, यूपी, एमपी पीछे

राजस्थान ने वोटर मैपिंग में बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में अब तक 49.37% वोटर्स की डिजिटल मैपिंग हो चुकी है।

वहीं गुजरात में यह 5.73%, उत्तर प्रदेश में 13.41%, मध्य प्रदेश में 20.09% और छत्तीसगढ़ में मात्र 24.27% है।

महाजन ने कहा, पहले दूसरे राज्यों से डेटा न मिलने की वजह से डुप्लीकेट वोटर्स को पहचानना मुश्किल था। अब देशभर की वोटर लिस्ट एक ही डेटाबेस पर है। जिससे राजस्थान का हर वोटर अब ट्रेस किया जा सकेगा।

### घुमंतू परिवारों और प्रवासियों को भी जोड़ा जाएगा

इस बार प्रशासन ने एक कदम और आगे बढ़ाया है,जो लोग स्थायी रूप से एक जगह नहीं रहते, ऐसे घुमंतू परिवारों को भी फॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे।

इसके लिए बीएलओ के साथ स्थानीय वॉलंटियर्स की मदद ली जाएगी, ताकि हर नागरिक को मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। 890 वोटर्स पर एक बूथ ,प्रदेश में होंगे 61 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन SIR के बाद एक बड़ा बदलाव यह होगा कि राज्य में हर बूथ पर औसतन 890 वोटर ही रह जाएंगे।

इससे 8819 नए पोलिंग बूथ बनेंगे और प्रदेश में कुल 61,309 बूथ हो जाएंगे । जिससे मतदान प्रक्रिया और भी सुचारू होगी।

## अजमेर दरगाह में शिव मंदिर का दावा करने वाले हिंदू सेना अध्यक्ष विष्णु गुप्ता पर हमला

### परिवार संग लौटते वक्त ऋषिकेश में स्कूटी सवार युवकों ने किया हमला, सिर में चोट, कान पर लगे चार टांके

भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर ।

अजमेर दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा कर अदालत में याचिका दायर करने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता पर मंगलवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में हमला हुआ। यह वारदात उस समय हुई जब गुप्ता परिवार सहित छुट्टियां मनाने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। स्कूटी पर सवार दो युवक बीच सड़क पर गाड़ी रुकवाकर उनसे उलझ गए और बाद में मारपीट कर फरार हो गए।

हमले में गुप्ता के सिर में सूजन और कान के पास गहरी चोट आई है। डॉक्टरों ने चार टांके लगाए हैं। गुप्ता ने ऋषिकेश कोतवाली में मामला दर्ज कराया है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुप्ता ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे ऋषिकेश-दिल्ली हाईवे पर दो युवक स्कूटी से आए और झगड़ा करने लगे। उन्होंने गाड़ी रुकवाकर नीचे उतारने का प्रयास किया। जब परिवार डर के मारे गाड़ी में ही रहा, तो दोनों युवकों ने गुप्ता को नीचे खींचकर नुकीली वस्तु से हमला किया। मारपीट के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। गुप्ता को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। गौरतलब है कि इससे पहले भी अजमेर में जयपुर रोड पर विष्णु गुप्ता पर फायरिंग की जा चुकी है। उस मामले के आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। अजमेर ग्रामीण सीओ रामचंद्र चौधरी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और कई पहलुओं पर गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। बता दें कि विष्णु गुप्ता ने अजमेर सिविल कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया था कि अजमेर दरगाह परिसर में प्राचीन संकट मोचन महादेव मंदिर स्थित था। यह याचिका 27 नवंबर 2024 को कोर्ट द्वारा स्वीकार कर ली गई थी। वर्तमान में मामले की सुनवाई चल रही है, जिसकी अगली तारीख 1 नवम्बर तय की गई है।



## जंगली सियार का हमला, किसान गंभीर रूप से घायल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक ।** उपखंड क्षेत्र के हाजीवास गांव में मंगलवार सुबह एक किसान पर जंगली सियार ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, किसान लादूलाल जाट सुबह करीब 9 बजे खेत से लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आए एक जंगली सियार ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में लादूलाल के पैर को जख्मी कर दिया घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल किसान को कोटड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवरों को पकड़ने की मांग की है।

# निर्माणाधीन पुलिया की कीचड़ में फंसी बस, लगा जाम

### ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लापरवाही का लगाया आरोप, सुरक्षित निकाले गए यात्री

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारिक ।** कस्बे के पास जहाजपुर रोड पर मंगलवार को एक बस निर्माणाधीन पुलिया की कीचड़ में फंस जाने से यातायात घंटों बाधित रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और मौके पर जाम की स्थिति बन गई।



जानकारी के अनुसार, कोटड़ी से बिरधोल की ओर जा रही निजी बस कस्बे के निकट निर्माणाधीन पुलिया पार करते समय मिट्टी में धंस गई। हादसे के समय बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और वैकल्पिक मार्ग की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। आए दिन वाहन यहां कीचड़ में फंस जाते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। लोगों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।बस को बाद में ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला गया, तब जाकर यातायात सुचारू हो सका।

## अंबाजी टेक्सटाइल के सामने युवक की लाश मिलने से सनसनी

### एक हाथ पर महिला का टैटू, दूसरे पर लिखा 'मेहुल'; पुलिस ने शुरू की पहचान की कोशिश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में मंगलवार सुबह गंगापुर तिराहे के पास अंबाजी टेक्सटाइल मार्केट के सामने एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने लाश देख पुलिस को सूचना दी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो 30 से 35 साल के एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा था। मृतक ने लाल रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी, जिस पर सफेद और ब्लू-ब्लैक लाइनिंग थी। उसके एक हाथ पर महिला का चित्र और दूसरे हाथ पर अंग्रेजी में 'मेहुल' लिखा हुआ है। मौके पर भीड़ जमा हो गई, लेकिन कोई भी व्यक्ति युवक की पहचान नहीं कर सका। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सरकारी स्कूल में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुर थाना पुलिस ने सरकारी विद्यालय से चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।




थाना अधिकारी पुष्पा कांसोटिया ने बताया कि महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय, गठीला खेड़ा की प्रधानाचार्य संगीता लढा ने बीती 18 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 17 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय में चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिसमें कार्यालय, कंप्यूटर लैब, क्रीड़ा कक्ष, एमडीएम कक्ष एवं अन्य कक्षाओं के ताले तोड़कर 10 कंप्यूटर सेट, कंप्यूटर उपकरण, सीसीटीवी कैमरे, 65 इंच स्मार्ट टीवी, 6 दीवार घड़ियाँ, 1 प्रिंटर सेट, ब्लूटूथ स्पीकर विद माइक, कैंची, स्टेपलर, खेल सामग्री किट, बॉल्स एवं अन्य सामान चोरी कर ले गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर टीम का गठन कर जाँच शुरू की । टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश खटीक पुत्र सुखदेव खटीक, निवासी लाम्बा, बनेड़ा और महेन्द्र पुरी उर्फ पिंटू पुत्र शिवपुरी, निवासी लक्ष्मीपुरा मांडल, हाल किरायेदार देवनारायण चौराहा, प्रतापनगर को गिरफ्तार किया है । आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गई।

कसौटिया ने बताया कि आरोपी मुकेश खटीक के विरुद्ध पूर्व में चोरी और नकबजनी के 16 प्रकरण दर्ज हैं। दोनों आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।

# दो बच्चों की मां ने कमरे में लगाई फांसी, पुलिस ने पति सहित आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सोमसियास गांव में सोमवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां दो बच्चों की मां ने ससुराल में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सोमसियास निवासी मुकेश लुहार ने देर रात सूचना दी कि उसकी पत्नी मंजू 35 कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा तो मंजू लोहे के पाइप से चुन्नी के सहारे फंदे पर लटकी मिली। उसे नीचे उतारकर तत्काल राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही माण्डल से मृतका के पिता हीरालाल अन्य परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मंजू को उसके पति मुकेश और ससुराल पक्ष के लोग लगातार प्रताड़ित करते थे। आए दिन झगड़े और मानसिक दबाव के कारण वह परेशान रहती थी। पिता ने आरोप लगाया कि इन्हीं प्रताड़नाओं से तंग आकर उसकी बेटी ने आत्महत्या की।जानकारी के अनुसार मंजू की शादी 18 साल पहले हुई थी। उसके एक 15 वर्षीय बेटी और 13 वर्षीय बेटा है । घटना के बाद पूरे परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पिता हीरालाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति सहित ससुरालजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## बनास बचाओ आंदोलनः चांदगढ़ में अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी

### अवैध खनन पर ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप,



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** बनास नदी को बचाने की मांग को लेकर शुरू हुआ बनास बचाओ आंदोलन अब उग्र रूप लेता जा रहा है। सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती चांदगढ़ गांव में सोमवार से प्रारंभ हुआ ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आकोला गांव में बनास नदी के प्लॉट नंबर 7 पर महादेव एंक्लेव प्रा. लि. द्वारा जेसीबी मशीनों से अवैध बजरी खनन खुलेआम किया जा रहा है, जो उच्च न्यायालय के आदेशों की सीधी अवहेलना है। ग्रामीणों का कहना है कि यह खनन स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

लगातार शिकायतों और ज्ञापनों के बावजूद न तो खनन रोका गया और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई हुई। धरने के दूसरे दिन भी कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की सुध लेने नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया।

नाराज ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों ने सोमवार से चांदगढ़ स्थित देवनारायण मंदिर के पास सार्वजनिक प्रतिक्षालय में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन शुरू किया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन केवल बजरी खनन के खिलाफ नहीं बल्कि बनास नदी को बचाने के लिए है, जो अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

ग्रामीणों ने अपनी प्रमुख मांगों में नदी में चल रही सभी जेसीबी मशीनों को तत्काल बंद कराने, बजरी निकासी मजदूरों से करवाने, ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने, चरागाह भूमि को हुए नुकसान की भरपाई के लिए पौधारोपण कराने, ठेकेदार से नदी की खुदाई से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति वसूलने और भविष्य में नदी में मशीनें नहीं उतारने का लिखित आश्वासन लेने की बात कही है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने ठेकेदार के कर्मचारियों की जांच की मांग भी की है, उनका कहना है कि इनमें से कई अपराधी प्रवृत्ति के हैं। धरनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने लीजधारक कंपनी के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे धरना स्थल के आसपास आकर ग्रामीणों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक और उग्र बनाया जाएगा। ग्रामीणों ने स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया और कहा कि यह बनास नदी की नहीं बल्कि जनहित की लड़ाई है, और यह तब तक जारी रहेगी जब तक अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जाती।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन ने अब भी कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन जिलेभर में फैलाया जाएगा, यह बनास नदी को बचाने की अंतिम लड़ाई है।

# रोशनी के रंग, सम्मान के संग महिला मंडल का दीपोत्सव समागम

### 50 सदस्याओं को किया गया सम्मानित, उमंग और अपनत्व से सजा आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा दीपोत्सव के अवसर पर रोशनी के रंग, सम्मान के संग शीर्षक से स्नेह मिलन व भव्य आयोजन रामेश्वरम भवन में हुआ। कार्यक्रम में उत्साह, अपनत्व और हर्षोल्लास का सुंदर संगम देखने को मिला।



नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने तीन वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्याओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर लगभग 50 महिला सदस्याओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष प्रीति लोहीया, सचिव भारती बाहेती सहित अनेक पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

संचालन विनीता तोष्णीवाल व निशा सोनी ने किया।



**QUICK BITES**

## सिमरन सोनी की कला में झलका चारभुजा नाथ का दिव्य स्वरूप

### मार्कर पेन से तैयार मनमोहक स्केच सोशल मीडिया पर बना आकर्षण का केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



कस्बा निवासी शिवराज सोनी की पुत्री और उभरती हुई कलाकार सिमरन सोनी ने अपनी कला के माध्यम से भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है। सिमरन ने राजसमंद जिले के प्रसिद्ध गढ़बोर चारभुजा नाथ भगवान का एक मनमोहक स्केच तैयार किया है, जो वर्तमान में सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है।
यह स्केच सिमरन ने केवल मार्कर पेन से तैयार किया, जिसमें चारभुजा नाथ भगवान का स्वरूप अत्यंत भावपूर्ण और आकर्षक रूप में उभरा है। उनकी इस रचना में पारंपरिक कला की झलक के साथ सूक्ष्म रेखांकन और गहराई का सुंदर मेल देखने को मिलता है।
सिमरन सोनी की इस कला की प्रशंसा स्थानीय लोगों से लेकर ऑनलाइन दर्शकों तक कर रहे हैं। लोग न केवल उनकी कलात्मकता की सराहना कर रहे हैं बल्कि उनके इस प्रयास को आस्था और समर्पण से जुड़ा एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बता रहे हैं।
सिमरन का कहना है कि वह पारंपरिक धार्मिक विषयों पर आधारित कलाकृतियों के माध्यम से समाज में संस्कृति और भक्ति के प्रति जागरूकता लाना चाहती हैं।स्वर्णकार समाज सहित नगरवासियों ने सिमरन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## बीन मौसम बारिश से नदी-नाले उफान पर, चैनपुरा आशावारी पुलिया पर आया पानी, खेतों में भरा पानी किसान चिंतित

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



**विक्रम सिंह** क्षेत्र में लगातार हो रही बीन मौसम की बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आने लगे हैं काछोला, पारोली मध्य बहने वाली बनास नदी में भी पानी का स्तर बढ़ गया है
जानकारी के अनुसार, बनास नदी पर स्थित चैनपुरा-आशावारी पुलिया पर करीब आधा फीट पानी आ गया, जिससे मार्ग पर आवाजाही प्रभावित रही ,ग्रामीणों ने सावधानी बरतने की अपील की है
लगातार जारी बारिश से किसानों की फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं, वहीं खेतों में खड़ी फसलों में पानी भरने से नुकसान की संभावना जताई जा रही है लोगों से नदी-नालों के किनारे अनावश्यक आवाजाही न करने की सलाह दी है

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शाहपुरा को जिला बनाने की मांग पर पुनः उठी आवाज

### संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा पांचवां स्मरण पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**



शहर को पुनः जिला घोषित कराने की मांग को लेकर चल रहा संघर्ष एक बार फिर तेज हो गया है। अभिभाषक संस्था शाहपुरा के तत्वाधान में जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आज मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम पांचवां स्मरण पत्र उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा को सौंपा गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पूर्व में दिए गए आश्वासन की याद दिलाते हुए कहा कि अब और इंतजार नहीं किया जा सकता, शाहपुरा को जिला बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया के नेतृत्व में दिए गए इस स्मरण पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने जयपुर में शाहपुरा विधायक की मौजूदगी में समिति के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान शाहपुरा को जिला बनाने का सकारात्मक आश्वासन दिया था। यह आश्वासन जनता के सामने दिया गया था, लेकिन पाँच माह बीत जाने के बावजूद सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे शाहपुरा क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मुंडेतिया ने कहा कि शाहपुरा का जिला दर्जा केवल राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि यहाँ के जनहित और प्रशासनिक सुविधा से जुड़ा सवाल है। शाहपुरा क्षेत्र में लगभग 250 से अधिक गाँव आते हैं और जनता को छोटी-छोटी सरकारी सेवाओं के लिए भी भीलवाड़ा तक जाना पड़ता है। इससे समय और आर्थिक नुकसान होता है। समिति ने यह भी कहा कि जब राजस्थान सरकार ने 2023 में नये जिलों की घोषणा की थी, तब शाहपुरा को जिला घोषित किया गया था, लेकिन बाद में इसे रद्द कर दिया गया, जो जनता के साथ अन्याय है। संघर्ष समिति के सदस्य अधिवक्ता मोहम्मद शरीफ, राहुल पारीक, गीत मंडेला, प्रॉपर्टी एसोसिएशन अध्यक्ष अजय मेहता, कपड़ा व्यवसायिक संगठन के अध्यक्ष ओम सिंधी, स्टांप वेंडर संगठन के अध्यक्ष भगवान सिंह यादव, समिति सदस्य उदय लाल बेरवा, सतनारायण पाठक, हाजी उस्मान, मोहम्मद छिपा, दुर्गालाल जोशी, कवि दिनेश बंटी शर्मा, मदनलाल कंडारा, छोटू रंगरेज, रामस्वरूप खटीक, सुनील पाराशर, अरुण राव, चरणदास खटीक, किशन कहार, प्रेम सिंह यादव, राजू कायमखानी, केदार गुर्जर सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्मरण पत्र के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक शाहपुरा को पुनः जिला नहीं बनाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर दिए गए वादे की जनता को उम्मीद थी, लेकिन अब धैर्य की सीमा टूट रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार शीघ्र ही निर्णय नहीं लेती है तो बड़े स्तर पर जनआंदोलन किया जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत का संकल्प, आमजन स्वदेशी अपनाएं : विधायक भड़ाना

### बेमाली गांव में आपका विधायक आपके गांव कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मांडल विधानसभा क्षेत्र के विधायक उदय लाल भड़ाना ने मंगलवार को करेड़ा पंचायत समिति के बेमाली गांव में आपका विधायक आपके गांव कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई आयोजित की। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और मौके पर कई शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए गए।
जन सुनवाई को संबोधित करते हुए विधायक भड़ाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके लिए प्रत्येक नागरिक को स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती और प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देना आवश्यक है।
विधायक भड़ाना ने बताया कि उदय ई-मित्र नमो रथ के माध्यम से लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।
कार्यक्रम में करेड़ा पंचायत समिति के प्रधान राजेंद्र सरगरा, करेड़ा मंडल अध्यक्ष लादू लाल लुहार, मंडल महामंत्री लहरु लाल गुर्जर, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सिंह गुढ़ा, दहीमथा सरपंच प्रभुलाल गुर्जर, अंबालाल कुमावत, किशन कीर, हरीश पूनिया, प्रहलाद सेन, कैलाश गुर्जर, लादू सिंह सोलंकी सहित पंचायत समिति के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गुलमंडी बालिका विद्यालय की छात्राओ का राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में चयन

### खेल जगत में भीलवाड़ा का गौरव बढ़ाया, विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलमंडी की छात्राओं ने खेल जगत में एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएँ नेहा खटीक (भार वर्ग 44 किलोग्राम) और दुर्गा माली (भार वर्ग 68 किलोग्राम) का चयन 19 वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है।
इस उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। संस्था प्रधान सुनीता जीनगर, खेल प्रभारी छोटी जाटोलिया, टीम प्रभारी चंदा बांगड़ तथा समस्त विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं का तिलक, माला व उपहारणा पहनाकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाए की।
संस्था प्रधान सुनीता जीनगर ने कहा कि विद्यालय की छात्राएँ लगातार मेहनत और अनुशासन के बल पर नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं। वहीं खेल प्रभारी छोटी जाटोलिया ने बताया कि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब गुलमंडी विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर चयन पाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

# मेंटेनेंस के नाम पर लिपापोती, टोल वसूली जारी , एनएच-758 की रोड लाइटें बंद, अंधेरे में राहगीर परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर स्थित गुरला मुजरास टोल प्लाजा क्षेत्र में इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम है। मेंटेनेंस के नाम पर लिपापोती करते हुए टोल वसूली तो जारी है, लेकिन सड़क सुरक्षा और सुविधाओं की पूरी तरह अनदेखी हो रही है। गुरला आबादी क्षेत्र से होकर गुजर रहे एनएच-758 पर डिवाइडर पर लगी रोड लाइटें और टोल प्लाजा की हाईमास्ट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय मार्ग पर घना अंधेरा छाया रहता है। राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लाइटें टिमटिमा कर आंख-मिचौली करती नजर आती हैं, जबकि अधिकांश खंभों पर लाइटें पूरी तरह बंद हैं।
अंधेरे के कारण हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी से हादसों की आशंका बढ़ गई है, वहीं रात्रि में चोरी-चकारी जैसी घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। इसके बावजूद टोल संचालित करने वाली एजेंसी और एनएचआई अधिकारी स्थिति सुधारने को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।
ग्रामीणों का कहना है कि जब टोल वसूली नियमित रूप से की जा रही है, तो मेंटेनेंस और प्रकाश व्यवस्था में लापरवाही अस्वीकार्य है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लाइटें चालू नहीं की गई, तो आंदोलन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और एनएचआई से तत्काल हस्तक्षेप कर बंद पड़ी लाइटें शुरू करवाने, हाईवे की नियमित मॉनिटरिंग कराने और जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है।

# छठ महापर्व का हुआ शांतिपूर्ण समापन, वाटर वर्क्स घाट रहा सबसे स्वच्छ और सुंदर

## यूनेस्को एसोसिएशन व पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ। बारिश के बावजूद भक्तों की आस्था डगमगाई नहीं और घाटों पर पूरे विधि-विधान से सूर्यदेव व छठी मैया की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन और पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा आयोजित घाट स्वच्छता और साज-सज्जा प्रतियोगिता में वाटर वर्क्स स्थित छठ पूजा सेवा समिति को श्रेष्ठ घाट घोषित किया गया।

निर्णायक मंडल का गठन जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में किया गया था, जिसमें जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, प्रवक्ता मधु लोधा, राजकुमार माली और साधना मेलाना शामिल थे। समिति ने मानसरोवर झील, नेहरू तलाई, न्यू पटेल नगर, पटेल नगर विस्तार सहित




विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया, जिसमें साफ-सफाई, स्वच्छता और साज-सज्जा के आधार पर विजेता घाट का चयन किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह वाटर वर्क्स स्थित घाट पर आयोजित हुआ, जहां स्थानीय विधायक अशोक कोठारी, स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली, जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल और राजकुमार माली ने विजेता समिति के अध्यक्ष दिनेश साहनी और सचिव बबलू सिंह को 5100 रुपए के चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक अशोक कोठारी ने इस अवसर पर कहा कि छठ मैया का आशीर्वाद भीलवाड़ा पर सदा बना रहे। यह पर्व न केवल आस्था का, बल्कि समाज की एकता और पवित्रता का प्रतीक है। हर वर्ष इसी भव्यता के साथ इसे मनाया जाए।

वहीं, गोपाललाल माली ने कहा कि छठ महापर्व सूर्य और छठी मैया को समर्पित है। यह पर्व संयम, भक्ति और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां अस्ताचल सूर्य की भी आराधना की जाती है ।यह हमारे आध्यात्मिक दृष्टिकोण की विशिष्टता को दर्शाता है।

यूनेस्को की प्रवक्ता मधु लोधा ने बताया कि ÷निर्णायक कमेटी ने सभी घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई, सजावट तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इस बार बारिश के बावजूद समितियों ने उत्कृष्ट तैयारी की, जिसके लिए वे सराहना की पात्र हैं। पुरस्कार वितरण के समय छठ पूजा सेवा समिति के सदस्य राजेश गुप्ता, दिनेश यादव, विनोद साहनी, राजन सिंह, शैलेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान छठी मईया अमर रहे और जय सूर्य देव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# सवाईपुर क्षेत्र में दूसरे दिन भी जारी बारिश का दौर

## खेतों में डूबी मक्का की फसलें, जनजीवन अस्त-व्यस्त, तापमान में आई गिरावट

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने चक्रवातों के असर से लगातार दूसरे दिन भी बेमौसम बारिश का दौर जारी रहा। सोमवार अल सुबह से शुरू हुई वर्षा मंगलवार शाम तक रुक-रुक कर चलती रही। सवाईपुर, सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, कुड़ी, खजीना, सोलंकिया का खेड़ा और कांदा सहित कई गांवों में कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होती रही। बारिश के साथ चल रही ठंडी हवाओं ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी, जिससे सर्दी का असर समय से पहले महसूस



होने लगा है।

लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सवाईपुर कस्बे की गलियों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालक हैंड लाइट जलाकर गुजरते नजर आए। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ी, जो बारिश में भीगते हुए स्कूल जाते और लौटते दिखाई दिए।


बारिश का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। सोमवार रात को हुई तेज बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया, जिससे कटाई के बाद खेतों में पड़ी मक्का की फसलें पानी में डूब गईं। किसानों ने बताया कि इससे फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं पशुओं के चारे और कुट्टी भीग जाने से खराब हो गई है। हालांकि किसानों का कहना है कि जहां खरीफ फसलें प्रभावित हुई हैं, वहीं रबी फसलों को इस बारिश से कुछ हद तक फायदा जरूर होगा।

लगातार बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लोगों ने सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। वहीं बीती रात की तेज वर्षा से क्षेत्र की नदियों, नालों और जलाशयों में पानी की नई आवक हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मौसम में ऐसी बारिश असामान्य है, जिससे एक ओर जहां फसलों को नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर वातावरण में ठंड का एहसास भी बढ़ गया है।

# मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की हुई शुरुआत ,कलेक्टर ने की जनभागीदारी की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में हुई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट से बाहर न रह जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इस विशेष अभियान के तहत जिलेभर में सभी मतदाताओं की पहचान और उनका सत्यापन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले चरण के



रूप में प्रिपरेशन और ट्रेनिंग फेज 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और पीआरओ को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके पश्चात इनॉगरेशन फेज 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें सभी घरों में जाकर बीएलओ द्वारा मतदाता प्रपत्र वितरित किए जाएंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ वापस जमा कराना होगा।

इसके बाद ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित किया जाएगा। तत्पश्चात क्लेम और आपत्तियों का समय निर्धारित रहेगा, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

इस स्पेशल इनटेंसिव रिविजन के दौरान मतदाता सूची का पूर्ण सत्यापन कराया जाएगा। इसमें बीएलओ, सुपरवाइजर, पीआरओ, एसडीएम, एआरओ सहित जिला प्रशासन की पूरी टीम सक्रिय रूप से भाग लेगी।

जिला कलेक्टर ने बताया कि यदि किसी मतदाता को अपना प्रपत्र भरने में सहायता की आवश्यकता हो, तो वह अपने नजदीकी बीएलओ या बीएलओ वॉलंटियर्स से जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सदैव आमजन के लिए तत्पर है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

कलेक्टर संधू ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में पूर्ण भागीदारी निभाएं और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## QUICK BITES

# बिन मौसम बारिश से काश्तकार मायूस, जनजीवन प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**(गजानंद जोशी)** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी बिन मौसम बारिश ने किसानों के चेहरे से मुस्कान छीन ली है। लगातार हो रही रुक-रुक कर बूंदाबांदी से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं खेत-खलिहानों में पानी भर जाने से काश्तकारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।


रविवार से शुरू हुई बारिश ने जहां मौसम में ठंडक घोल दी है, वहीं इससे ग्रामीणों की दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो गई है। गांवों के कच्चे रास्तों में पानी भर जाने से आवागमन में परेशानी बढ़ गई है। खेतों में पड़ी फसलें पानी में भीगने से खराब हो रही हैं, जिससे किसानों में मायूसी छा गई है।

बारिश और गिरते तापमान के कारण अब सर्द हवाओं का असर महसूस होने लगा है। खुले आसमान के नीचे और अस्थायी आश्रयों में रहने वाले लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अचानक आई इस बेमौसम बारिश ने रबी की तैयारी कर रहे किसानों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर बारिश का दौर यूं ही जारी रहा तो खेतों में खड़ी फसलों को और अधिक नुकसान हो सकता है।

# त्रिवेणी धाम मंदिर कमेटी अध्यक्ष श्याम लाल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



कस्बे के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं त्रिवेणी धाम सेन समाज मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्याम लाल सेन का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र एवं सेन समाज में शोक की लहर दौड़ गई।

सेन का अंतिम संस्कार त्रिवेणी संगम पर किया गया, जहां परिजनों ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में भीलवाड़ा, गुलाबपुरा, त्रिवेणी, बीगोद, होडा, लाडपुरा, गेणोली, नीमका खेड़ा, मोहनपुरा, बिजोलिया, तिलस्वा, शंकरगढ़, जहाजपुर, कोटड़ी, शाहपुरा और मांडलगढ़ क्षेत्र सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में समाजबंधु, भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# सालरा में मोक्ष धाम स्थल बदहाल, ग्रामीणों को अंतिम संस्कार में उठानी पड़ी भारी मशक्कत

## ग्रामीणों ने कुल्हाड़ी से की झाड़ियों की सफाई, बारिश में सुविधा के अभाव से बढ़ी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





शहर में जहां एक ओर नगर निगम द्वारा विभिन्न मोक्ष धाम स्थलों के विकास और विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं, वहीं वार्ड नंबर 56 के ग्रामीण क्षेत्र सालरा में स्थित मोक्ष धाम स्थल आज भी उपेक्षा का शिकार है। सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के दौरान भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को सालरा निवासी गोपाल सेन की माँ नानी देवी के निधन के बाद जब परिजन उनका अंतिम संस्कार करने मोक्ष धाम पहुंचे, तो वहां चारों ओर कांटेदार झाड़ियां और अंग्रेजी बबूल फैले हुए थे। परिजनों और ग्रामीणों ने कुल्हाड़ी से खुद सफाई कर जगह तैयार की, तब जाकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हो सकी।

ग्राम निवासी बद्रीलाल जाट ने बताया कि गांव में उचित मोक्ष धाम स्थल का अभाव होने के कारण हर बार ग्रामीणों को ऐसी ही स्थिति झेलनी पड़ती है। बारिश के मौसम में लकड़ियां गीली हो जाती हैं, जिससे टायर, ट्यूब, शक्कर, कपूर और घी जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल करना पड़ता है। टीन शेड न होने से बारिश रुकने तक इंतजार करना पड़ता है और विश्राम स्थल नहीं होने के कारण लोग भीगते रहते हैं। बुजुर्गों को ठंड और बीमारियों का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने शहर विधायक अशोक कोठारी और मेयर राकेश पाठक से जल्द मोक्ष धाम और विश्राम स्थल के निर्माण की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामीण विरोध स्वरूप अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।